(ख) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत वन-भूमि को उपयोग में लाने की मंजूरी देते समय बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के सम्बन्ध में पूर्ण जलाशय स्तर से 4 मीटर नीचे तक डूब में आने की संभावना वाले क्षेत्र से पेड़ों को काटने की अनुमति दी जाती है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

वृक्षारोपण कार्यक्रम

4566. **श्री शिव प्रसाद बनपुरिया:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वृक्षारोपण-कार्यक्रम पर मवेशियों की चराई का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है;

(ख) वृक्षारोपण को मवेशियों की चराई से अब तक कितना नुकसान हुआ है और क्या वन-विभाग द्वारा इस संबंध में कोई आकलन किया गया है;

(ग) इस नुकसान से बचने के लिये वन विभाग द्वारा क्या-क्या उपाय किये जा रहे हैं ; और

(घ) क्या इस संबंध में वनों के निकटवर्ती गांवों में बकरी-पालन पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) अनियमित चराई से वनीकरण कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(ख) अनियमित चराई से वृक्षारोपण को पहुंची क्षति की सीमा प्रत्येक राज्य में अलग-अलग है जोकि गांवों में पशुओं की संख्या तथा चरने के लिए बाहर से आने वाले पशुओं की संख्या पर निर्भर करती है। चराई के कारण वृक्षारोपण को पहुंची क्षति की सीमा ठीक-ठीक निर्धारित करने के लिए कोई अखिल भारतीय मूल्यांकन नहीं किया गया है।

(ग) राज्य वन विभाग रोपण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की बाड़ लगाकर और पशु-रोधी खंदकें खोद कर उन्हें चराई से पहुंचने वाली क्षति से बचाने का प्रयास करते हैं। इसके अतिरिक्त, जिन क्षेत्रों में वनों का विनाश हुआ है उनकी सुरक्षा में ग्रामीण लोगों को इस आधार पर शामिल किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि जिन क्षेत्रों की सुरक्षा और विकास करने में वे सहमत होंगे उससे प्राप्त होने वाली वनोपज पर उनका भी अधिकार होगा।

(घ) जी, नहीं।

देश में वनों में वृक्षों की अवैध रूप से कटाई

4567. **श्री शिवचरण सिंह:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वन विभाग को वृक्षों की कटाई का अधिकार दे दिया गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में वन विभाग लकड़ी काट कर उसे वन उत्पाद के रूप में बेचते हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह विभाग सवाई माधोपुर के वन रेंज तथा मडरापल, मोसलपुर और धौलपुर के वन विहार तथा राम सागर और झिरी वन से लकड़ी काट कर उसे ऊंटों की मदद से ले जाता है अथवा वहां से लकड़ी/इमारती लकड़ी चोरी-छिपे ले जायी जाती है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या इस संबंध में मौके पर कोई जांच कराये जाने का विचार है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) और (ख) राज्य वन विभागों को ये अधिकार दिए गए हैं कि वे कार्यकारी योजनाओं/प्रबंध योजनाओं के तहत अनुमोदित